www.amritvichar.com

# अमृत विचार

## लखनऊ महानगर

लखनऊ, रविवार,10 मई 2026

### सुविचार



चरित्र वृक्ष के समान है तो प्रतिष्ठा उसकी छाया है। हम अक्सर छाया के बारे में सोचते हैं, जबकि असल चीज तो वृक्ष ही है।

-अब्राहम लिंकन

### लखनऊ के प्रमुख समाचार

- संविदाकर्मी की ईंट से सिर कूंचकर हत्या II
- ओ-आर्म तकनीक से रीढ़ की सर्जरी III
- कार्तिका और ऋभव बने चैंपियन IV

### शहर में आज



- विश्व ल्यूपस दिवस के मौके पर केजीएमयू के क्लिनिकल इम्यूनोलॉजी एवं रूमेटोलॉजी विभाग से रूमी दरवाजा तक वॉकाथॉन का आयोजन 5 :30 बजे।
- वीरांगना अवंती बाई, महिला अस्पताल, गोलागंज में नेशनल नियोनेटोलॉजी फोरम, इंडिया की ओर से राष्ट्रव्यापी एनआरपी प्रशिक्षण दिवस कार्यक्रम का आयोजन 10 :00 बजे।
- केजीएमयू के कलाम सेंटर में वर्षा फाउंडेशन की तरफ से कैंसर जागरूकता कार्यक्रम 12 :30 बजे।

पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# बकाये से बचने का रास्ता, लिया नया कनेक्शन और जलाने लगे बिजली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सेंट्रल जोन में बकाया के बाद भी बांटे जा रहे नये कनेक्शन
- सेंट्रल जोन के कई उपकेन्द्रों पर इस कार्य के लिए सक्रिय है दलाल
- शिकायत के बाद भी संबंधित अधिकारी मौन

**अमृत विचार:** लेसा अधिकारियों के साथ लाखों के बकाये से बचने का रास्ता निकाल कर राजधानी के कई बकायेदार उपभोक्ता नये नाम के साथ नया कनेक्शन लेकर धड़ल्ले से बिजली जला रहें है। ताजा मामला लखनऊ सेंट्रल जोन के ठाकुरगंज क्षेत्र स्थित 450/12 मुफ़्तीगंज इलाके का है। इस परिसर पर पहले से करीब एक लाख रुपये का बिजली बकाया होने के बावजूद उसी पते पर दूसरे नाम से नया संयोजन जारी कर दिया गया।

जानकारी के मुताबिक, सैयद हसन मेहंदी के नाम पर उक्त परिसर में पहले से बकाया चल रहा है। इसके बावजूद साफिया बानो के नाम से नया बिजली कनेक्शन जारी कर दिया गया। राजधानी में ऐसे कई मामले है जो बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहें हैं। लखनऊ इलेक्ट्रिक सप्लाई अथॉरिटी (लेसा) के कई अधिकारियों पर एक ही नाम और पते पर लाखों रुपये बकाया होने के बाद भी नए बिजली कनेक्शन जारी करने का आरोप है। इस पूरे खेल से विभाग को 50 करोड़ रुपये से अधिक की आर्थिक क्षति हुई है।

वहीं सूत्रों के मुताबिक ट्रांसगोमती और सिसगोमती क्षेत्र के 50 से अधिक अभियंता जांच के दायरे में हैं। आरोप है कि इन अधिकारियों ने लगभग 1.25 लाख उपभोक्ताओं को पुराने बकाये के बावजूद दूसरा बिजली कनेक्शन जारी किया हुआ है। बताया जा रहा है कि पहले कनेक्शन की बकाया राशि को विभागीय स्तर पर डेथ खाते में डालकर मामला बंद कर दिया गया।

### लाखों में हैं बकायेदार उपभोक्ता

- चिनहट डिवीजन : 9,500 के करीब उपभोक्ता
- मुंशीपुलिया डिवीजन : 6,340 के करीब उपभोक्ता
- गोमतीनगर डिवीजन : 3,450 उपभोक्ता
- सेस-1 : 6,330 उपभोक्ता
- सेस-2 : 3,570 उपभोक्ता



बकाये पर कनेक्शन देने के मामले में जो भी अधिकारी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उपभोक्ताओं से बकाया राशि की वसूली के लिए विभाग आवश्यक कदम उठाएगा।

-रवि अग्रवाल, , मुख्य अभियंता सेंट्रल जोन

### सेंट्रल जोन में सबसे ज्यादा गड़बड़ी के आरोप

- बकाये पर कनेक्शन जारी करने के मामलों में लखनऊ सेंट्रल जोन सबसे आगे बताया जा रहा है। कई उपकेंद्रों पर बिचौलियों की सक्रियता की शिकायतें सामने आई हैं। आरोप है कि 1912 शिकायत केंद्रों के माध्यम से भी बिचौलियों का नेटवर्क सक्रिय है और मोटी रकम लेकर लाखों के बकाये पर नए कनेक्शन जारी कराए जा रहे हैं।

# स्व गणना में सर्वर की सुस्ती कर रही परेशान

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- प्रश्नों के जवाब भरने में आधे घंटे से अधिक समय लग रहा
- पोर्टल धीमे चल रहा, देर से आ रहा ओटीपी

**अमृत विचार :** 7 मई से शुरू हुई जनगणना में स्व-गणना के दौरान पोर्टल के सर्वर की सुस्ती लोगों को परेशान कर रही है। पोर्टल धीमे चल रहा है, जिससे ओटीपी देर से आ रहा है और 33 प्रकार के प्रश्नों का पेज देरी से खुल रहा है। प्रश्नों के जवाब भरने में लोगों को कम से कम आधा घंटा लग रहा है। पता भरने के दौरान लाइव लोकेशन की सही जानकारी मिलने में घंटों लग रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में तो स्थित और खराब है। यहां मकानों की लाइव लोकेशन ही गूगल मैप पर नहीं दिखा रही है। इससे ग्रामीण मैप पर अपने घर का लाल मार्क टैग नहीं कर पा रहे हैं।

### लोकेशन ढूंढने में चकरा रहा दिमाग

- स्व-गणना के दौरान सबसे ज्यादा समस्या सही लोकेशन ढूंढने में आ रही है। पता भरते ही पहले ब्लाक और सेक्टर के विकल्प पर पहुंचते ही दिमाग चकरा रहा हे। किसी तरह सेक्टर मिलने पर गूगल मैप की लोकेशन का विकल्प आता है। इन विकल्पों को भरने के बाद ही आगे अन्य जानकारियां भर पा रहे हैं।

# स्वच्छ सर्वेक्षण में इस बार पिछड़ न जाए लखनऊ

## कालोनियों में झाड़ू लगती है न नालियों की होती है सफाई

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- घरों और डम्पिंग यार्डों से हफ्तों नहीं उठ रहा कूड़ा
- कार्यदायी संस्थाएं कूड़ा प्रबंधन व्यवस्था पर फेर रहीं पानी

**अमृत विचार :** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की शुरुआत हो चुकी है। इस बार सर्वेक्षण कुल 12500 अंकों का है। पिछली बार लखनऊ नगर निगम ने शिवरी में कूड़ा निस्तारण के लिए तीन प्लांट चालू कर स्वच्छ रैंकिंग में देश में तीसरा स्थान हासिल किया था। लेकिन इस बार अपना लखनऊ रैंकिंग में कहीं पिछड़ न जाए।

लखनऊ नगर निगम में कूड़ा प्रबंधन देख रहीं कार्यदाई संस्थाओं की लापरवाही इसका मुख्य कारण बन सकता है। डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन से लेकर पड़ाव घरों से समय पर कूड़ा नहीं उठ रहा है। संस्थाओं के कर्मचारी हफ्तों कूड़ा उठाने घर नहीं पहुंच रहे हैं। इसके अलावा रोड स्वीपिंग और नालियों की सफाई में भी संस्थाएं मनमानी कर रही हैं। इससे शहर में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे रहते हैं। जबकि केंद्र की स्वच्छ सर्वेक्षण टीम कभी भी दौरा करने लखनऊ पहुंच सकती है। नगर निगम की लापरवाही स्वच्छ रैंकिंग पर भारी पड़ सकती है।





डोर-टू-डोर और पड़ाव घरों से कूड़ा कलेक्शन और मार्गों व नालियों की नियमित सफाई के लिए कार्यदाई संस्थाओं को निर्देशित किया गया है। लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

-रश्मि भारती, प्रभारी स्वच्छ भारत मिशन एवं उप नगर आयुक्त

### कूड़ा कलेक्शन और पृथक्कीकरण के कट सकते हैं 1000 अंक

- स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के लिए इस बार डोर-टू-डोर कलेक्शन एंड ट्रांसपोर्टेशन और सेग्रीगेशन (पृथक्कीकरण) के 1000 अंक निर्धारित हैं। शहर के आधे घरों से भी डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन नहीं हो रहा है, जबकि इसके 500 अंक हैं। इसके अलावा नगर निगम के कर्मचारी घरों से सूखा और गीला कूड़ा अलग-अलग नहीं ले रहे हैं, इसके 400 अंक हैं। घरों से कूड़ा न उठने के कारण लोग यूजर चार्ज भी नहीं दे रहे हैं। इसके 100 अंक हैं। यदि व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं हुआ तो नगर निगम के आधे से अधिक अंक कट सकते हैं।

### आवासीय क्षेत्रों में गंदगी का पड़ेगा असर

- विजिबल क्लीननेस के स्वच्छ सर्वेक्षण में 1500 अंक हैं। आवासीय क्षेत्र में सड़कों और नालियों की सफाई व्यवस्था बदतर हो चुकी है। सड़कों पर हफ्तों झाड़ू लगती है न नालियों की सफाई। मुख्य मार्गों पर भी कार्यदाई संस्थाओं ने कूड़ा घर बना दिए हैं। बाजारों में नाइट स्वीपिंग व्यवस्था नगर निगम बंद कर चुका है। इससे बाजारों में गंदगी रहती है। जबकि आवासीय और कॉमर्शियल एरिया में सफाई के 150-150 अंक हैं।

## मॉडल वेंडिंग जोन में मिली गंदगी, महापौर नाराज

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- अधिकारियों को लगाई फटकार जेडएसओ को दी चेतावनी
- अवैध झुग्गियों को हटाने व बिजली कनेक्शनों की जांच के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** महापौर सुषमा खर्कवाल ने शनिवार को नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ विभिन्न जोनों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। जोन 4 के गोमती नगर में मॉडल वेंडिंग जोन में गंदगी देख महापौर का पारा चढ़ गया। उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाई। जोनल सेनेटरी ऑफिसर पंकज शुक्ला को चेतावनी देते हुए सफाई व्यवस्था सही करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान महापौर निशातगंज स्थित पेपर मिल कालोनी के पास बनीं अवैध झुग्गियों में पहुंचीं। उन्होंने अवैध तरीके से रह रहे घुसपैठियों को तत्काल हटाने और झुग्गियों में लगे बिजली कनेक्शनों की जांच कराने के अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके बाद महापौर ने विजयंत खंड में चल रहे नाला निर्माण कार्य का जायजा लिया। मुख्य अभियंता महेश वर्मा को अधूरे पड़े निर्माण कार्य को जल्दी पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी बरसात के दौरान क्षेत्रवासियों को जलभराव जैसी समस्या का सामना न करना पड़े।



पेपर मिल कॉलोनी के पास बनीं अवैध झुग्गियों का निरीक्षण करतीं महापौर सुषमा खर्कवाल साथ में नगर आयुक्त गौरव कुमार। अमृत विचार

## केजीएमयू में इलेक्ट्रिकल सेफ्टी ऑडिट शुरू करने की तैयारी

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में शुक्रवार को ओरल पैथोलॉजी विभाग में आग लगने की घटना के बाद प्रशासन सतर्क हो गया है। घटना के बाद संस्थान के विभिन्न विभागों में लगे पुराने एयर कंडीशनर, जर्जर विद्युत वायरिंग और शॉर्ट सर्किट के खतरे को देखते हुए व्यापक इलेक्ट्रिकल सेफ्टी ऑडिट कराने की तैयारी शुरू कर दी गई है। दंत विज्ञान संकाय के डीन डॉ. जीके सिंह ने प्रशासन को भेजे पत्र में कहा है कि कई विभागों में लगे एयर कंडीशनर काफी पुराने हो चुके हैं। लगातार उपयोग और बढ़ती गर्मी के कारण उनमें ओवरहीटिंग, शॉर्ट सर्किट और आग लगने का खतरा बना हुआ है। उन्होंने नए और पुराने दोनों भवनों में लगे एयर कंडीशनर, विद्युत वायरिंग, पैनल, फायर अलार्म सिस्टम और अन्य सुरक्षा उपकरणों का तत्काल निरीक्षण कराने की मांग की है। साथ ही कहा है कि जहां भी तकनीकी कमी या जर्जरता मिले, वहां तुरंत सुधार कराया जाए। डीन ने फायर सेफ्टी सिस्टम और अग्निशमन उपकरणों को पूरी तरह सक्रिय रखने पर भी जोर दिया है।

### सिटी ब्रीफ

## पॉलीटेक्निक चौराहा और कुर्सी रोड पर कूलिंग प्वाइंट शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** आम जनता को गर्मी और लू से बचाने के लिए नगर निगम ने पॉलीटेक्निक चौराहा और कुर्सी रोड पर सृष्टि अपार्टमेंट पर कूलिंग प्वाइंट बनाए हैं। इससे राहगीरों, कामकाजी लोगों और जरूरतमंदों को गर्मी से राहत मिलेगी। महापौर सुषमा खर्कवाल ने शनिवार को दोनों कूलिंग प्वाइंट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव और क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। महापौर ने बताया कि इसके अलावा 1090 चौराहा और नगर निगम मुख्यालय पर कूलिंग प्वाइंट बनाये गए हैं। कूलिंग प्वाइंट में बेड, सोफा, कुर्सी, पंखा, कूलर, मटके का पानी और गुड़ की व्यवस्था की गई है। महापौर ने बताया कि गोमती नगर के पत्रकारपुरम चौराहा, जीएसटी भवन और जीपीओ पर भी कूलिंग प्वाइंट बनाये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार श्रमिकों को लेकर काफी संवेदनशील है और उनकी सुविधाओं के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।

# एक हफ्ते में 40 तक पहुंचेगा पारा

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव समाप्त होने के साथ एक हफ्ते में राजधानी का पारा एक बार फिर 40 डिग्री सेल्सियस के पास पहुंच जाएगा। मौसम विभाग ने तापमान में वृद्धि की संभावना जताई है। हल्की बारिश के बाद भी तापमान में करीब 6-8 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की संभावना है। लेकिन लू चलने की संभावना कम है।

राजधानी में शनिवार को तेज धूप निकलने से न्यूनतम तापमान 3.3 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 24.4 डिग्री पहुंच गया। वहीं अधिकतम तापमान 33.9 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 5.8 डिग्री कम था। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है।



धूप के कारण छाता लगाकर जातीं महिलाएं। अमृत विचार

# गोमती बैराज के शेष चार गेट बदले जाएंगे, पेयजल आपूर्ति रहेगी निर्बाध

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- 45 दिन में काम पूरा करने का लक्ष्य, भविष्य में स्काडा तकनीक से होगा स्वचालित संचालन
- कार्य के दौरान शहर की पेयजल आपूर्ति प्रभावित न हो, इसके लिए विशेष इंतजाम किए गए

**अमृत विचार :** योगी सरकार द्वारा प्रदेश में बुनियादी ढांचे और जल प्रबंधन प्रणाली को आधुनिक बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी के तहत राजधानी की पेयजल आपूर्ति और बाढ़ नियंत्रण व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए सिंचाई विभाग ने गोमती बैराज के शेष चार वर्टिकल गेट बदलने का काम शुरू कर दिया है। कार्य के दौरान शहर की पेयजल आपूर्ति प्रभावित न हो, इसके लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

प्रमुख सचिव सिंचाई अनिल गर्ग के अनुसार गोमती बैराज का निर्माण वर्ष 1980 से 1983 के बीच हुआ था। यह बैराज कुड़िया घाट पंपिंग स्टेशन के लिए आवश्यक 105.6 मीटर जलस्तर बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है, जिससे राजधानी के लाखों लोगों को पेयजल उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही बरसात के दौरान नदी के जलप्रवाह को नियंत्रित कर बाढ़ की आशंका कम करने में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। समय के साथ गेटों में जैविक और रासायनिक क्षरण बढ़ने से उनकी कार्यक्षमता प्रभावित होने लगी थी। इसके मद्देनजर चरणबद्ध तरीके से गेट बदले जा रहे हैं। वर्ष 2024 में दो और 2025 में चार गेट बदले जा चुके हैं। अब अंतिम चरण में शेष चार गेटों का प्रतिस्थापन किया जा रहा है।



गोमती बैराज पर गेट बदलते की तैयारी करते इंजीनियर व अन्य कर्मचारी।

### स्वचालित संचालित होगा बैराज, त्रुटियों में आएगी कमी

- मुख्य अभियंता ने बताया कि मरम्मत और गेट प्रतिस्थापन कार्य को सुचारु रूप से पूरा करने के लिए 8 मई से 15 जून तक कुल 45 दिनों की बंदी निर्धारित की गई है। गर्मी बढ़ने के कारण जल स्तर में गिरावट की संभावना को देखते हुए 24 घंटे काम जारी है ताकि कार्य समय से पहले पूरा किया जा सके। सिंचाई विभाग बैराज को भविष्य में स्काडा तकनीक से जोड़कर स्वचालित रूप से संचालित करने की तैयारी भी कर रहा है। इससे जलस्तर की निगरानी, गेट संचालन और आपात स्थिति में त्वरित नियंत्रण अधिक प्रभावी हो सकेगा। इससे मानवीय त्रुटियों में कमी आएगी और पूरी प्रणाली अधिक सुरक्षित एवं पारदर्शी होगी।

### बरेली में किया गया गेटों का निर्माण

- मुख्य अभियंता यांत्रिक उपेंद्र सिंह ने बताया कि इन नए गेटों का निर्माण बरेली स्थित आईएसओ प्रमाणित सिंचाई कार्यशाला में किया गया है। प्रत्येक गेट की चौड़ाई 18 मीटर और ऊंचाई 4.95 मीटर है। ऊपरी हिस्से का वजन लगभग 16 टन और निचले हिस्से का करीब 18 टन है। काम के दौरान जलस्तर बनाए रखने के लिए बैराज के ऊपरी हिस्से में कॉफरडैम बनाया गया है, ताकि कुड़िया घाट पंपिंग स्टेशन तक पर्याप्त पानी पहुंचता रहे। गेट बदलने का कार्य 8 मई से 15 जून तक निर्धारित 45 दिनों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

### निर्माण जारी

नर्सरी में देश-विदेश की उन्नत किस्मों के फूल, सब्जियां और पौधे होंगे तैयार

# कुर्सी रोड के बसहा में हाईटेक नर्सरी बना रहा नगर निगम

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** नगर निगम कुर्सी रोड स्थित बसहा गांव में हाई-टेक नर्सरी बना रहा है। 1.2 हेक्टेयर में विकसित की जा रही इस नर्सरी में वैज्ञानिक तरीके से पौधे तैयार किये जाएंगे।

नर्सरी में सबसे पहले पौधों के लिए पोषक मीडिया तैयार किया जाएगा और ट्रे की सफाई की जाएगी। इसके बाद अत्याधुनिक मशीनों की मदद से बीजों की बुवाई होगी। अंकुरण के लिए विशेष जर्मिनेशन चैंबर तैयार किया जा रहा है, जहां तापमान और नमी को नियंत्रित रखा जाएगा। इससे हर महीने बड़ी संख्या में स्वस्थ पौधे तैयार किए जा सकेंगे।

**1.2** हेक्टेयर में वैज्ञानिक तरीके से तैयार किये जाएंगे पौधे

महापौर सुषमा खर्कवाल एवं अपर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव ने शनिवार शाम निर्माणाधीन नर्सरी का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

अपर नगर आयुक्त ने बताया कि नर्सरी में देश-विदेश की उन्नत किस्मों के फूल, सब्जियां और सजावटी पौधे तैयार किए जाएंगे। आम नागरिक यहां से अच्छी गुणवत्ता वाले पौधे किफायती दरों पर खरीद सकेंगे।



कुर्सी रोड के बसहा गांव में तैयार हो रही हाईटेक नर्सरी।

### सौर ऊर्जा से संचालित होगी नर्सरी

- नर्सरी सौर ऊर्जा से संचालित होगी। इसके लिए 20 किलोवाट क्षमता का ऑफ-ग्रिड सोलर पावर प्लांट लगाया जा रहा है। पर्यावरण अनुकूल व्यवस्था होने के कारण इसे "इको हाई-टेक नर्सरी" नाम दिया गया है। इससे ऊर्जा की बचत के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

### पौधों की सुरक्षा के लिए बन रहे पॉलीहाउस और शेडनेट हाउस

- अंकुरित पौधों को मजबूत बनाने के लिए हार्डनिंग चैंबर की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही पौधों को सुरक्षित रखने के लिए पॉलीहाउस, ग्रीन शेडनेट हाउस और पॉली टनल बनाए जा रहे हैं। ये संरचनाएं पौधों को अत्यधिक गर्मी, बारिश और कीटों से सुरक्षा प्रदान करेंगी। नर्सरी में एक बड़ा ओपन फील्ड क्षेत्र भी विकसित किया जा रहा है, जहां पौधों की गुणवत्ता और क्षमता का परीक्षण किया जाएगा।

# ट्रॉमा से निजी केंद्र भेजे जा रहे मरीज

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

- कमीशन के लिए निजी केंद्रों के एजेंटों का नंबर भी तीमारदारों को मुहैया कराया जा रहा
- परिजन ने मामले का वीडियो किया वायरल

अमृत विचार : किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) प्रशासन के ट्रॉमा सेंटर से जांच के लिए मरीजों को निजी केंद्र भेजा जा रहा है।

ट्रॉमा सेंटर में इलाज के लिए प्रदेश भर से गंभीर मरीज आते हैं। सड़क हादसे में जख्मी गोसाईगंज के रहने वाले विकास झा (35) को परिजन इलाज के लिए केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर लेकर आए थे। ट्रॉमा में मरीज को भर्ती करके इलाज मुहैया कराया गया। जिसके बाद मरीज को आर्थोपैडिक विभाग में शिफ्ट कर दिया गया। पैर में फैक्चर होने पर डॉक्टरों ने ऑपरेशन कराने की सलाह दी। इसके लिए टूडी ईको सहित कई जांचे लिखी गईं। डॉक्टर ने टूडी ईको के लिए लारी कार्डियोलॉजी जाने को कहा। पर्चे पर अर्जेन्ट भी लिखा। साथ ही चौक स्थित एक निजी डायग्नोस्टिक सेंटर के एजेंट का नंबर भी दिया। कहा कि यहां से तत्काल जांच करा ले तो ऑपरेशन आज ही हो जाएगा। परिजन के मुताबिक एजेंट से बात करने पर उसने टूडी ईको जांच का 2500 रुपये शुल्क बताया। आर्थिक तंगी के कारण परिजन ने निजी केंद्र से जांच कराने में असमर्थता जताई।

वहीं लारी में जांच न हो पाने के कारण शुक्रवार को होने वाला ऑपरेशन आगे के दिनों के लिए टाल दिया गया। प्रवक्ता डॉ. केके सिंह के मुताबिक, मामले की जांच कराई जाएगी। जांच में आरोप सही मिले तो संबंधित डॉक्टर पर कार्रवाई होगी।

### 15 से अधिक डॉक्टर व कर्मचारी निकाले जा चुके

- ट्रॉमा सेंटर में मरीजों की दलाली का यह कोई नया मामला नहीं है। बीते दिनों मरीजों की दलाली को लेकर केजीएमयू की ओर से कराई गई जांच में इस पूरे खेल में तीन एंबुलेंस चालकों और कई संविदा कर्मचारियों की मिलीभगत पाई गई है। प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए तीनों चालकों को नौकरी से हटा दिया है, वहीं अब तक 15 से अधिक रेजिडेंट डॉक्टरों और कर्मचारियों को बर्खास्त किया जा चुका है।

# एसजीपीजीआई के संविदाकर्मी की ईंट से सिर कूंचकर हत्या

## शुक्रवार देर शाम से था लापता, मोबाइल था बंद, सुबह झील के पास स्थित खाली प्लॉट में खून से लथपथ मिला शव, फॉरेंसिक टीम ने की छानबीन

संवाददाता, सरोजनीनगर

**अमृत विचारः** बिजनौर थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात एसजीपीजीआई के संविदाकर्मी की ईंट से सिर व चेहरा कूचकर हत्या कर दी गई। शनिवार सुबह युवक का खून से लथपथ शव गांव के बाहर झील के पास स्थित एक खाली प्लॉट में पड़ा मिला। जानकारी मिलते ही डीसीपी साउथ अमित कुमार आनंद और एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा मौके पर पहुंचे। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम की मदद से घटनास्थल पर छानबीन की तो खून से सनी ईंट मिली। घटनास्थल से बीयर व पानी की बोतल, नमकीन के पैकेट और करीब एक दर्जन प्लास्टिक के गिलास पड़े मिले। पास में ही युवक की बाइक भी खड़ी थी। पुलिस ने बड़े भाई की तहरीर पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

- भाई की तहरीर पर बिजनौर थाने में हत्या की रिपोर्ट दर्ज

### घटनास्थल पर मिले संघर्ष के निशान

- घटनास्थल के अलावा थोड़ी-थोड़ी दूरी पर कई जगह खून पड़ा मिला। कुछ दूरी पर खून से सनी ईंट पड़ी थी। देखने से ऐसा लग रहा था कि हमलावरों ने पहले उस पर हमला किया और फिर वह जान बचाने के लिए भागा होगा। खून से सनी जगह से शव तक जाने वाले रास्ते में भी कई स्थानों पर खून पड़ा मिला।

बिजनौर के अशरफ नगर इठुरिया के डेरहवा मोहल्ला निवासी सूरज गौतम उर्फ छोटू (28) के पिता की करीब 15 वर्ष पहले मौत हो चुकी है। सूरज मां केशाना और शादीशुदा बड़े भाई शुभम के साथ ननिहाल में रहता था। उसकी बहन प्रियंका की शादी हो चुकी है। सूरज, शुभम और केशाना संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में संविदा पर सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत थे। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार को सूरज छुट्टी पर था। वह शाम करीब 8:30 बजे बाइक से मां को पीजीआई से घर लेकर आया था।

दरवाजे पर मां को उतारने के बाद सूरज ने कहा कि आप खाना बनाइए, मैं बिजनौर तक जाकर आता हूं। काफी समय बीतने के बाद भी वह वापस नहीं लौटा। रात करीब 10 बजे मां ने फोन किया तो सूरज ने पूछा कि खाना बन गया क्या। मां के हां कहने पर उसने दस मिनट में पहुंचने की बात कही, लेकिन इसके बाद उसका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। रातभर मां और भाई उसकी तलाश करते रहे।

शनिवार सुबह करीब चार बजे परिजन फिर उसकी तलाश में निकले। इसी दौरान जानकारी मिली कि रात में सूरज गांव की एक परचून दुकान के पास देखा गया था और बाद में बिजनौर की ओर चला गया था। इसके बाद बड़ा भाई शुभम उसकी तलाश में बिजनौर की ओर निकला तो घर से करीब 800 मीटर दूर सड़क किनारे सूरज की बाइक खड़ी मिली। सड़क से करीब 100 मीटर दूर झील किनारे खाली प्लॉट में सूरज का खून से लथपथ शव पड़ा था। मृतक के चेहरे, गले और माथे पर ईंट तथा धारदार हथियार से वार के निशान मिले।



मौके पर पहुंचकर घटना के बारे में जानकारी जुटाते पुलिसकर्मी, (इनसेट में) मृतक सूरज गौतम उर्फ छोटू।

### प्रेम-प्रसंग व विवाद के बिंदु पर जांच तेज

- पुलिस सूत्रों के मुताबिक सूरज काफी देर तक मोबाइल पर बात करता रहता था। ऐसे में प्रेम-प्रसंग के साथ ही शराब पीने के दौरान विवाद में हत्या किए जाने के बिंदु पर भी जांच की जा रही है। पुलिस करीब दो दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### मां बोली, शराब नहीं पीता था सूरज

- मां केशाना बेटे की मौत के बाद बदहवास हैं। रोते-बिलखते हुए वह बार-बार यही कहती रहीं कि उनका बेटा नशेड़ी या शराबी नहीं था। वह मेहनत से नौकरी करता था और परिवार का सहारा था।

## सिटी ब्रीफ

### चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** ठाकुरगंज पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी को शनिवार सुबह गिरफ्तार किया। इंस्पेक्टर ओमवीर सिंह के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी सआदतगंज यासीनगंज का रहने वाला आदिल है। उसने शुक्रवार देर शाम बालागंज कैंपवेल रोड निवासी राजन सोनी की घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी की थी। राजन ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी आदिल को मूसाबाग खंडहर के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी ने बाइक से नंबर प्लेट हटा दिया था। ताकि कोई संदेह न करे।

### हादसे में घायल युवक की 21 दिन बाद मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** काकोरी के चौधरी मोहल्ला निवासी तालिब (25) रहीमाबाद के भतोईया गांव के पास कार की टक्कर से घायल हुआ था। उसका 21 दिन से अस्पताल में इलाज चल रहा था। जहां शनिवार सुबह मौत हो गई। 13 अप्रैल को मामी जुल्फी व ममेरे भाई जुहैब के साथ उन्नाव के नियाज अली खेड़ा गांव जाते समय हादसा हुआ था। हादसे में मामी जुल्फी की मौत हो गई थी। तालिब और जुहैब घायल हो गये थे। रहीमाबाद के मनकौटी गांव में तालिब अपने ननिहाल में रहता था। 13 अप्रैल को सुबह 11 बजे बाइक से मामी जुल्फी और उनके बेटे जुहैब को लेकर जुल्फी के मायके उन्नाव जिले के नियाज़ अली खेड़ा गांव जा रहा था। भतोईया गांव के निकट पीछे से तेज़ रफ़्तार कार ने टक्कर मार दी थी। टक्कर मारने के बाद कार भी अनियंत्रित होकर पलट गई थी। जिसमें सवार चालक और साथी रोहित भी घायल हो गए थे। मृतक तालिब के परिवार में पिता खालिद, मां आफरोज़, बहन फ़ैजा है। इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायत ने बताया कि कार कब्जे में है। एफआईआर दर्ज है।

### छात्र समेत दो के खातों से उड़ाए 3.09 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** साइबर जालसाजों ने एकेटीयू छात्र समेत दो लोगों के खातों से करीब 3 .09 लाख रुपये उड़ा लिए। कहीं फाइनेंस कर्मी बनकर ठगी की गई तो कहीं बैंक कस्टमर केयर के नाम पर जाल में फंसाया गया। पुलिस ने दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच शुरू कर दी है। एकेटीयू के आर्किटेक्चर प्लानिंग विभाग के छात्र विवेक कुमार गुप्ता ने बताया कि उनका एसबीआई में खाता है। चेकबुक के लिए कस्टमर केयर नंबर पर कॉल करने के दौरान जालसाज ने उन्हें बातों में फंसाकर एक एप डाउनलोड करा दी। इसके बाद उनके और मां आशा देवी के खाते से 1.61 लाख रुपये निकाल लिए गए। रुपये कटने का मैसेज मिलने पर पीड़ित ने बैंक में शिकायत करने के बाद हसनगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। वहीं, मड़ियांव के मुतक्कीपुर बारी एंक्लेव निवासी कृष्णचंद्र के पास एक अंजान नंबर से कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को बजाज फाइनेंस कर्मी बताते हुए ओडी अकाउंट देने का झांसा दिया। इसके बाद एक रुपये का भुगतान कराने की प्रक्रिया के दौरान ओटीपी हासिल कर उनके क्रेडिट कार्ड से 1,47,682 रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने मड़ियांव थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

### युवक के खाते से पार किए 1.20 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** थाना क्षेत्र में साइबर जालसाज ने युवक के खाते से 1.20 लाख रुपये पार कर दिए। दुर्गागंज निवासी वीरेंद्र कुमार गुप्ता का खाता यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में है। पीड़ित ने बताया कि खाते से कई बार में रुपये निकले लेकिन कोई मैसेज नहीं आया। एक लाख का चेक लगाने पर बैलेंस कम दिखने पर बैंक में जानकारी की तो ठगी का पता चला। पीड़ित वीरेंद्र ने काकोरी थाने में आईटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज करायी है।

### महिला को छेड़ा परिवार को पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** थाना क्षेत्र में जानवरों के पास पटाखा दगाने से इंकार पर दबंगों ने घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ की। विरोध पर पति व देवर को पीटा और धमकाया। डरकर पति घर छोड़कर भाग गया। अनहोनी की आशंका जताते हुए पीड़िता ने काकोरी थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाने में दी गई तहरीर में पीड़िता ने बताया कि वह जानवरों को चारा दे रही थी। रोहित घर के पास में पटाखा दगा रहा था। पीड़िता ने मना किया तोरोहित, सूरज व अनूप लाठी-डंडे लेकर उनके घर पहुंच गए। आरोप है कि दबंगों ने छेड़छाड़ का प्रयास किया। विरोध पर पति व देवर को डंडों से पीटा और गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। परिवार का आरोप है कि आरोपियों के डर पति घर छोड़कर भाग गया।

# फर्जी दस्तावेज पर कराई डेढ़ करोड़ के भूखंड की रजिस्ट्री, गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- वजीरगंज कोतवाली में 2021 में खरगापुर के हीरालाल लोधी ने दर्ज कराई थी एफआईआर
- फर्जी पैन व आधार कार्ड तैयार कर जालसाज ने हीरालाल बन की थी रजिस्ट्री

**अमृत विचारः** वजीरगंज पुलिस ने पांच वर्ष पुराने फर्जीवाड़े का खुलासा करते हुए एक आरोपी को शुक्रवार देर शाम को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार जालसाज ने फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर डेढ़ करोड़ रुपये की जमीन रजिस्ट्री कराई थी। इस मामले में फर्जी पैन व आधार कार्ड बनवाकर एक जालसाज हीरालाल बना। पुलिस के मुताबिक खरगापुर निवासी हीरालाल ने अक्टूबर 2021 में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

इंस्पेक्टर वजीरगंज राजेश त्रिपाठी के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी संजय कुमार बाराबंकी के रामसनेहीघाट स्थित गढ़ीमऊ का रहने वाला है। पूछताछ में बताया कि रुपये के लालच में आकर उसने अन्य साथियों के साथ मिलकर रजिस्ट्री कार्यालय में जाकर फर्जी तरीके से बैनामा करा लिया था। इंस्पेक्टर ने बताया कि 6 अक्टूबर 2021 को छोटा भरवारा गरडियनपुरवा निवासी 70 वर्षीय हीरालाल लोधी राजपूत ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि उनके नाम का फर्जी पैन व आधार कार्ड बनवाया गया है। जिसके आधार खरगापुर में स्थित 4500 वर्गफीट की रजिस्ट्री की गई। इस भूखंड की कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपये है।

आरोप है कि मोहम्मद मूसा, मो. रईस और संजय कुमार ने उनकी यह जमीन फर्जी हीरालाल से खरीदी। रजिस्ट्री में गवाही जैदपुर बाराबंकी के सिराज और गढ़ी मऊमोर के हरीश कुमार ने दी थी। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने इस मामले में छह लोगों को आरोपी बनाया था। पुलिस के मुताबिक अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### परिवार गया शादी में मकान में हुई 16 लाख की चोरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** ठाकुरगंज के प्रधानमंत्री आवास योजना में चोरों ने बंद घर का ताला तोड़कर नकदी व जेवर समेत करीब 16 लाख के माल पर हाथ साफ कर दिया। बसंतकुंज स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना सेक्टर-आई में हरिश्चंद्र परिवार के साथ रहते है। पीड़ित ने बताया कि 7 मई को घर में ताला लगाकर परिवार के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने गोंडा गए थे। शनिवार सुबह करीब साढ़े छह बजे पड़ोसियों ने हरिश्चंद्र को कॉल कर दरवाजे पर लगा ताला टूटा होने की जानकारी दी। घर में चोरी की जानकारी मिलते ही हरिश्चंद्र परिवार संग वापस लौटे। पीड़ित ने बताया कि चोरों ने कमरे में रखी अलमारी का लॉकर तोड़कर उसमें रखे करीब 70 हजार की नकदी और करीब 15 लाख के जेवर चोरी कर लिए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर जांच शुरु कर दी है। ठाकुरगंज इंस्पेक्टर ओमवीर सिंह चौहान ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### नर्सिंग ऑफिसर को उठा ले गई छत्तीसगढ़ की पुलिस

**अमृत विचार, लखनऊ :** कल्याण सिंह कैंसर संस्थान में कार्यरत एक संविदा नर्सिंग ऑफिसर को शनिवार को संस्थान परिसर से छत्तीसगढ़ की पुलिस उठा ले गई। आरोप है कि उसने अपने एक मित्र को एम्स में नौकरी दिलाने का झांसा देकर करीब 12 लाख रुपये लिए थे, लेकिन नौकरी नहीं लगवा सका। वहीं, पुलिसकर्मी सादे कपड़ों में होने के चलते अपहरण होने की आशंका पर हड़कंप मच गया। संस्थान के प्रवक्ता डॉ. वरुण विजय ने बताया मुंबई निवासी आरोपी अभिषेक जायसवाल 2 फरवरी 2026 से संस्थान में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर कार्यरत था। उस पर आरोप है कि उसने अपने परिचित को एम्स में नौकरी दिलाने का लालच देकर बड़ी रकम वसूली। जब नौकरी नहीं मिली तो पीड़ित ने पैसे वापस मांगे, जिस पर विवाद बढ़ गया और मामला पुलिस तक पहुंच गया। पीड़ित की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई थी। इसके बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी।

# बीसीए छात्र ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

## नहीं मिला सुसाइड नोट, कृष्णानगर के केसरीखेड़ा इलाके की घटना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** कृष्णानगर के केसरीखेड़ा इलाके में शुक्रवार रात निजी इंजीनियरिंग कॉलेज के बीसीए छात्र ने मकान के पहले तल पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। केसरीखेड़ा स्थित बालकृष्ण नगर निवासी अमित दीक्षित का बेटा आर्यन दीक्षित (21) चिनहट देवा रोड स्थित एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज से बीसीए अंतिम वर्ष का छात्र था। पिता ने बताया कि वह शुक्रवार को निजी काम से रायबरेली गए थे। वहां से लौटने के बाद नीचे कमरे में बैठे हुए थे। तभी आर्यन का एक दोस्त उससे मिलने के लिए घर आया। दोस्त के कहने पर मां अनामिका बेटे आर्यन को बुलाने के लिए ऊपर कमरे में गई। वहां आर्यन का कमरा अंदर से बंद था।

मां ने दरवाजा खटखटाते हुए आवाज दी लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। मां ने दरवाजे पर धक्का मारा तो दरवाजे की सिटकनी टूट गई। मां भीतर गयी तो आर्यन को चादर के सहारे लटका देख चींख पड़ी। शोर सुनकर परिवार के लोग ऊपर कमरे में पहुंचे। परिजन ने फंदा खोलकर आनन-फानन में आर्यन को लोकबंधु अस्पताल लेकर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आर्यन की मौत की खबर सुनकर मां अनामिका बेहोश हो गई। सूचना पर पहुंची कृष्णानगर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि छात्र के कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

### झोपड़ी में लटका मिला मजदूर का शव

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर विस्तार इलाके में शनिवार सुबह एक मजदूर का शव संदिग्ध हालात में गमछे के सहारे फंदे से लटकता मिला। इंस्पेक्टर गोमतीनगर विस्तार सुधीर कुमार अवस्थी ने बताया कि मूल रूप से पश्चिम बंगाल निवासी जोसेफ (56) थाना क्षेत्र स्थित निर्माणाधीन शालीमार अपार्टमेंट में मजदूरी करता था। मुंशी अशरफुल ने बताया कि जोसेफ चार महीने से कंपनी की तरफ से बनाई गई झुग्गी में साथी तपश संग रहता था। शुक्रवार रात दोनों झुग्गी में सो गए। शनिवार सुबह करीब 4 बजे जोसेफ झुग्गी से निकला, फिर वापस नहीं लौटा। खोजबीन के दौरान पास ही खाली पड़ी झुग्गी में जोसेफ का शव गमछे के फंदे से पाइप के सहारे लटका मिला।

### संदिग्ध हालात में युवक की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** मड़ियांव इलाके में संदिग्ध हालात में युवक की शनिवार सुबह हालत बिगड़ गई। परिजन ने युवक को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मूल रूप से सीतापुर रेउसा निवासी गनेश मड़ियांव स्थित घर में ही किराना की दुकान चलाते हैं। उनका बेटा सुभेंद्रु दीक्षित (32) भी दुकान में बैठता था। एक सप्ताह पहले उन्होंने छोटे बेटे छोटू की शादी की थी। पीड़ित ने बताया कि सुभेंद्रु शराब पीने का लती था। शनिवार सुबह सुभेंद्रु शराब पीकर घर आया। कुछ देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ गयी। पत्नी विभा और अन्य परिजन ने सुभेंद्रु को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# सीएम पर अभद्र टिप्पणी दर्ज हुई दो एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।

- लविवि के छात्रों ने सोशल मीडिया पर की टिप्पणी
- हसनगंज पुलिस व साइबर क्राइम थाने की टीम कर रही जांच

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करने के मामले में हसनगंज थाने में दो एफआईआर दर्ज की गई है। कानपुर निवासी अभि सिंह के मुताबिक लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र महेंद्र यादव ने मुख्यमंत्री के लिए अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया। वहीं फतेहपुर के देवेंद्र प्रधान ने लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रेम प्रकाश यादव पर मुख्यमंत्री के लिए अमर्यादित टिप्पणी करने का आरोप लगाया है। पुलिस दोनों मामलों में जांच कर रही है।

कानपुर नगर निवासी अभि सिंह के मुताबिक सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र महेंद्र यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया। आरोपी ने मुख्यमंत्री को लेकर अमर्यादित टिप्पणी की, जिससे उनकी धार्मिक और सामाजिक भावनाएं आहत हुई हैं।

वहीं, फतेहपुर निवासी देवेंद्र प्रधान के मुताबिक सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र प्रेम प्रकाश यादव ने मुख्यमंत्री को लेकर अमर्यादित टिप्पणी की। इस प्रकार की टिप्पणी से प्रदेशवासियों और सनातन धर्म को मानने वालों की भावनाएं आहत हुई हैं। दोनों शिकायतकर्ताओं ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। इंस्पेक्टर चितवन कुमार के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर साइबर क्राइम सेल के साथ मिलकर जांच की जा रही है।

# सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर तुड़वाई युवती की शादी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गांव के तीन युवकों पर धमकी देने का आरोप, एफआईआर

**अमृत विचार :** गोसाईंगंज इलाके में युवती की अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर उसकी शादी तुड़वाने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि गांव के ही तीन युवक लगातार परेशान कर रहे हैं, जिसके कारण युवती की तीन बार शादी टूट चुकी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित पिता के मुताबिक गांव निवासी आकाश ने उनकी 20 वर्षीय बेटी की अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। वीडियो सामने आने के बाद बेटी के कई रिश्ते टूट गए। विरोध करने पर आरोपी परिवार को जान से मारने की धमकी देने लगे।

पीड़ित ने बताया कि पांच मई की शाम उनका बेटा मंदिर से लौट रहा था। गांव के बाहर आकाश ने उसे रोक लिया और बहन की शादी कहीं और करने पर गोली मारने की धमकी दी। इसी दौरान एक अंजान नंबर से कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को गोसाईंगंज थाने का दीवान बताते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया। पीड़ित का कहना है कि कॉल रिकॉर्डिंग उनके पास सुरक्षित है। परिवार के अनुसार आकाश, अनुज और विकास ने मिलकर वीडियो वायरल की है। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### किशोरी को अगवा कर की जबरन शादी

**अमृत विचार, लखनऊ :** बंथरा इलाके में किशोरी को प्रेम जाल में फंसाया। उसे मिलने के बहाने बुलाकर अगवा कर लिया। जबरदस्ती शादी की। जानकारी होने पर पिता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई । जांच कर रही बंथरा पुलिस ने आरोपी को किशोरी को सकुशल बरामद किया। वहीं, शनिवार को आरोपी श्यामू को गिरफ्तार कर लिया। जिसे कोर्ट में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया गया है। इंस्पेक्टर बंथरा राणा राजेश सिंह के मुताबिक इलाके में रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी को उन्नाव असोहा निवासी श्यामू ने प्रेम जाल में फंसाया। बुधवार को आरोपी ने किशोरी को अगवा कर लिया। उन्नाव में किशोरी के साथ जबरन शादी और शारीरिक संबंध बनाए। पीड़ित किशोरी के पिता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस टीम ने शनिवार को किशोरी को सकुशल बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी मजदूरी करता है।

# प्लॉट का झांसा देकर बुजुर्ग से ऐंठे 32 लाख

- डीसीपी साउथ के आदेश पर चेयरमैन व साले पर रिपोर्ट
- तीन साल तक रजिस्ट्री के नाम पर टालमटोल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ-सुल्तानपुर हाईवे स्थित अंबे वैली प्रोजेक्ट में प्लॉट दिलाने का झांसा देकर बुजुर्ग से 32 लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। डीसीपी साउथ के आदेश पर गोसाईंगंज पुलिस ने रियल एस्टेट कंपनी के चेयरमैन और उसके साले के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की है।

इंदिरानगर सेक्टर-18 निवासी यूपी राय के मुताबिक वर्ष 2022 में उन्होंने अर्जुनगंज स्थित अंबे वैली कैरियर प्राइवेट लिमिटेड से संपर्क किया था। कंपनी के चेयरमैन आशीष पटेल और उनके साले अंशुमान शुक्ला ने सुल्तानपुर रोड स्थित प्रोजेक्ट में 3200 वर्गफीट का कॉर्नर प्लॉट दिखाया। सौदा 32 लाख रुपये में तय हुआ और पीड़ित ने कई किश्तों में 30 लाख रुपये चेक के माध्यम से दिए।

आरोप है कि कंपनी ने पूरा भुगतान मिलने के दो दिन के भीतर रजिस्ट्री कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन करीब तीन साल बाद भी रजिस्ट्री नहीं कराई गई। कई बार संपर्क करने पर आरोपी टालमटोल करते रहे। बाद में बताया गया कि जमीन का भुगतान किसानों को नहीं हो सका, इसलिए जमीन कंपनी के नाम दर्ज नहीं हो पाई।

पीड़ित का आरोप है कि जिस प्लॉट का सौदा किया गया, वह कंपनी के नाम ही नहीं था और दिखाया गया ले-आउट भी संदिग्ध था। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### टीटीई बन यात्रियों से वसूली करने वाला युवक गिरफ्तार



**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल में शुक्रवार देर रात चेकिंग अभियान के दौरान टीटीई बनकर यात्रियों से अवैध वसूली कर रहे एक युवक को पकड़ लिया गया। घटना 8 मई की रात्रि पाली में प्लेटफॉर्म संख्या 6/7 पर हुई, जहां टीटीई राजीव रंजन और वरिष्ठ सीसीटीसी कुंजबिहारी सिंह जांच कर रहे थे। इसी दौरान एक युवक टीटीई की वर्दी पहनकर यात्रियों से पैसे लेते हुए संदिग्ध अवस्था में मिला। पूछताछ में युवक ने अपना नाम शिवम मिश्रा पुत्र सुभाष चंद्र मिश्रा निवासी सीतापुर बताया और खुद को मुरादाबाद मंडल में कार्यरत टीटीई कहा। तलाशी लेने पर उसके पास से एक पहचान पत्र और ईएफटी बुक बरामद हुई। संदेह होने पर रेलवे अधिकारियों ने मुरादाबाद मंडल से सत्यापन कराया, जिसमें पता चला कि उक्त नाम का कोई व्यक्ति वहां टीटीई के पद पर तैनात नहीं है। इसके बाद आरोपी युवक को आगे की विधिक कार्रवाई के लिए जीआरपी के हवाले कर दिया गया। उत्तर रेलवे ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा को लेकर लगातार सतर्कता बरती जा रही है।

**कार्रवाई** — क्राइम ब्रांच की आर्थिक अपराध शाखा कर रही जांच, 300 से अधिक मुकदमे दर्ज

# अंसल फर्जीवाड़े की ईओडब्ल्यू कर सकती है जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ईओडब्ल्यू से चल रहा पत्राचार 30 से अधिक लोगों के खिलाफ मिले साक्ष्य

**अमृत विचार :** अंसल प्रॉपर्टीज द्वारा भूखंड, विला और फ्लैट के नाम पर किए गए फर्जीवाड़े की जांच अब आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) को सौंपने की तैयारी चल रही है। फिलहाल कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच की आर्थिक अपराध शाखा मामले की जांच कर रही है। ईओडब्ल्यू से इस संबंध में पत्राचार किया जा रहा है और अधिकारियों ने मामले से जुड़ी कुछ अहम जानकारियां मांगी हैं।

अब तक की जांच में क्राइम ब्रांच की आर्थिक अपराध शाखा ने 30 से अधिक आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य जुटाए हैं। इनमें अंसल के मालिक पिता-पुत्र, प्रोजेक्ट मैनेजर, जीएम, निदेशक, मार्केटिंग मैनेजर, एजेंट और अन्य कर्मचारी व ब्रोकर शामिल हैं। पीड़ितों ने अपनी शिकायतों में 40 से अधिक लोगों को आरोपी बनाया है।

अंसल प्रॉपर्टीज फर्जीवाड़े में सुशांत गोल्फ सिटी, हजरतगंज और गोमतीनगर थाने में 328 मुकदमे दर्ज हैं। आरोप है कि कंपनी ने लोगों से प्लॉट और फ्लैट देने के नाम पर करोड़ों रुपये वसूले, लेकिन तय समय पर कब्जा नहीं दिया।

कई मामलों में एक ही संपत्ति को अलग-अलग लोगों को बेचने और वादे के अनुरूप विकास कार्य न कराने की शिकायतें भी सामने आई हैं। पीड़ितों में लखनऊ के अलावा नोएडा, कानपुर, गोरखपुर और बाराबंकी समेत कई जिलों के लोग शामिल हैं।

मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी मुकदमों की जांच पहले ही क्राइम ब्रांच को सौंप दी गई थी। पिछले कई महीनों से अलग-अलग टीमें दस्तावेजों की जांच और पीड़ितों के बयान दर्ज कर रही थीं। सूत्रों के अनुसार 328 मामलों की जांच कई पुलिसकर्मियों में बांटकर कराई गई थी और सभी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंप दी गई हैं।

क्राइम ब्रांच का मानना है कि मामला बड़े आर्थिक अपराध और व्यापक वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ा है, इसलिए इसकी जांच ईओडब्ल्यू से कराना अधिक प्रभावी होगा। हालांकि पहले भेजी गई फाइल कुछ आपत्तियों के साथ वापस कर दी गई थी। अब उन आपत्तियों को दूर करने के लिए अतिरिक्त साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

### मददगार बनकर बदला कार्ड, निकाले 40 हजार

**अमृत विचार, लखनऊः** विकासनगर इलाके में एटीएम बूथ पर टप्पेबाज ने मददगार बनकर उचक्के ने रेस्टोरेंट कर्मी का कार्ड बदलकर खाते से 40 हजार रुपये गायब कर दिए। पीड़ित ने थाने में शिकायत की है। सेक्टर-8 निवासी हरीश आर्य ने बताया कि 4 मई की दोपहर घर से कुछ दूर स्थित इंडियन बैंक के एटीएम बूथ पर रुपये निकालने गए थे। वे रुपये निकाल रहे थे। इसी दौरान उचक्के ने मददगार बनकर उनका कार्ड बदल दिया। कुछ देर बाद खाते से चार बार में 40 हजार रुपये निकलने का मैसेज आया तो पीड़ित को ठगी का पता चला। पीड़ित ने विकासनगर थाने में शिकायत की है।

## सिटी ब्रीफ

### महंगाई भत्ता बढ़ाने व संविदा कर्मियों के नियमितीकरण की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ:** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी ने मुख्यमंत्री के आधिकारिक ईमेल पोर्टल पर पत्र भेजकर प्रदेश के 12 लाख कर्मचारियों, स्वायत्तशासी निकाय कर्मियों तथा 16 लाख पेंशनरों के लिए 1 जनवरी 2026 से महंगाई भत्ता और महंगाई राहत बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अपने कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए महंगाई भत्ता 58 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत कर चुकी है, इसलिए प्रदेश कर्मचारियों को भी दो प्रतिशत वृद्धि का लाभ दिया जाए। परिषद की महासचिव अरुणा शुक्ला ने बताया कि अप्रैल माह के वेतन के साथ बढ़ा हुआ भुगतान करने का अनुरोध किया गया है। परिषद ने संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण की नियमावली शीघ्र जारी करने की भी मांग उठाई। नेताओं ने कहा कि 15-20 वर्षों से कार्यरत संविदा कर्मियों के भविष्य की सुरक्षा के लिए सरकार को जल्द निर्णय लेना चाहिए।

### निबंधन लिपिक संघ की प्रांतीय बैठक आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ:** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के केंद्रीय कार्यालय में उत्तर प्रदेश निबन्धन लिपिक संघ की प्रांतीय बैठक वरिष्ठ सदस्य अनिल वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न जनपदों से आए पदाधिकारियों व प्रतिनिधियों ने संगठन की वर्तमान स्थिति, कर्मचारियों की समस्याओं तथा प्रांतीय कार्यकारिणी के निर्वाचन पर विस्तार से चर्चा की। सर्वसम्मति से तय किया गया कि वर्तमान तदर्थ समिति आगामी दो माह तक संगठनात्मक कार्य देखेगी तथा जुलाई 2026 के मध्य तक प्रांतीय कार्यकारिणी का निर्वाचन कराया जाएगा। निष्पक्ष चुनाव के लिए राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद से पर्यवेक्षक व निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति का भी निर्णय लिया गया। बैठक में रिक्त पदों पर भर्ती, वेतन विसंगतियों के समाधान, पारदर्शी स्थानांतरण नीति और पदोन्नति संबंधी मांगें प्रमुखता से उठाई गईं। संगठन को मजबूत बनाने के लिए सदस्यता अभियान और नियमित संवाद कार्यक्रम चलाने पर भी जोर दिया गया। इस दौरान अनिल वर्मा को तदर्थ समिति का चेयरमैन तथा अनूप वर्मा को सदस्य सचिव नामित किया गया।

# अब बिना बड़ी सर्जरी मिलेगा पुराने दर्द से छुटकारा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- राष्ट्रीय सीएमई में विशेषज्ञ बोले, आधुनिक पेन मेडिसिन तकनीकों से मरीजों को तेजी से मिल रही राहत

**अमृत विचार :** बदलती जीवनशैली के बीच लंबे समय तक रहने वाला दर्द गंभीर स्वास्थ्य समस्या बनता जा रहा है। ऐसे मरीजों के लिए राहत की बात यह है कि पेन मेडिसिन के क्षेत्र में अत्याधुनिक और कम चीरा लगाने वाली तकनीकों से इलाज आसान हो रहा है। इन तकनीकों से मरीजों को तेजी से राहत मिलने के साथ दवाओं पर निर्भरता भी कम हो रही है।

यह जानकारी इंडियन अकादमी ऑफ पेन मेडिसिन के डीन मेजर पंकज एन. सुरंगे ने शनिवार को राम मनोहर लोहिया संस्थान में आयोजित 'एडवांसेज इन पेन मेडिसिन' विषयक राष्ट्रीय सीएमई में दी। कार्यक्रम का आयोजन इंडियन सोसायटी फॉर स्टडी ऑफ पेन के सहयोग से किया गया। विशेषज्ञों ने नसों के दर्द, रीढ़ की बीमारियों और कैंसर से जुड़े दर्द के इलाज में आधुनिक तकनीकों की उपयोगिता पर चर्चा की। बताया गया कि स्पाइनल कॉर्ड स्टिमुलेशन तकनीक नसों से जुड़े जटिल दर्द में प्रभावी साबित हो रही है। वहीं वर्टिब्रोप्लास्टी और बैलून काइफोप्लास्टी जैसी तकनीकों से ऑस्टियोपोरोसिस और कैंसर से प्रभावित रीढ़ की हड्डी के मरीजों को तेजी से राहत मिल रही है।


कार्यक्रम में मौजूद निदेशक प्रो. सीएम सिंह सहित अन्य विशेषज्ञ।

विशेषज्ञों के मुताबिक इन तकनीकों में बड़े ऑपरेशन की जरूरत नहीं पड़ती और मरीज कम समय में सामान्य जीवन में लौट आते हैं। कार्यक्रम में रेडियोफ्रीक्वेंसी, स्पाइन एंडोस्कोपी, इंट्राथीकल पंप और अन्य मिनिमली इनवेसिव पेन एंड स्पाइन इंटरवेंशन तकनीकों पर भी जानकारी दी गई। आयोजन अध्यक्ष पीके दास ने बताया कि लोहिया संस्थान ने पेन मेडिसिन में डीएम कोर्स शुरू करने के लिए आवेदन किया है। आयोजन सचिव एवं पेन मेडिसिन यूनिट प्रभारी शिवानी रस्तोगी ने बताया कि संस्थान में अत्याधुनिक इनवेसिव पेन एंड स्पाइन इंटरवेंशन लैब स्थापित की गई है। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो. सीएम सिंह, डॉ. सिद्धार्थ वर्मा, डॉ. संजोग माकेवर, अनुराग अग्रवाल, प्रो. दिनकर कुलश्रेष्ठ, डॉ. सुजीत गौतम, डॉ. मनीष सिंह और डॉ. देवेंद्र सिंह समेत कई विशेषज्ञ मौजूद रहे।

# उद्यमियों को पेटेंट और कॉपीराइट कानूनों के प्रति किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अभियंताओं, शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों को बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**अमृत विचारः** इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स इंडिया, यूपी स्टेट सेंटर की ओर से शुक्रवार को "पेटेंट लॉ एंड कॉपीराइट प्रोटेक्शन विषय पर तकनीकी व्याख्यान का आयोजन इंजीनियर्स भवन में किया गया।

मुख्य वक्ता अधिवक्ता राज विक्रम सिंह सॉलिसिटेशन व आर्ग्युइंग काउंसिल उच्च न्यायालय इलाहाबाद लखनऊ पीठ ने पेटेंट कानून और कॉपीराइट संरक्षण से जुड़े विभिन्न कानूनी और तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा इस दौर में अभियंताओं, शोधकर्ताओं और उद्यमियों को पेटेंट और कॉपीराइट कानूनों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. डॉ. भारत राज सिंह ने की। उन्होंने कहा कि ऐसे तकनीकी व्याख्यान अभियंताओं और विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के संयोजक इं. केपी त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि संस्था के मानद सचिव इं. एनके निषाद ने संचालन किया।

# ओ-आर्म तकनीक से रीढ़ की सर्जरी

## पहली बार एसजीपीजीआई में हुआ ऑपरेशन, मरीजों को मिलेगी राहत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** रीढ़ की गंभीर चोटों के इलाज में संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। संस्थान के एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में पहली बार अत्याधुनिक ओ-आर्म तकनीक की मदद से रीढ़ की सफल सर्जरी कर डॉक्टरों ने नया इतिहास रच दिया। इस तकनीक के आने से अब मरीजों को इलाज के लिए दिल्ली और मुंबई जैसे महानगरों के बड़े अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

कानपुर निवासी 32 वर्षीय युवक फैक्ट्री में काम करते समय ऊंचाई से गिर गया था, जिससे उसकी रीढ़ की हड्डी के डी-10 हिस्से में गंभीर फ्रैक्चर हो गया। हालत गंभीर होने पर उसे एसजीपीजीआई के एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। यहां सेंटर के प्रमुख डॉ. अरुण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में न्यूरोसर्जरी विभाग के डॉ. आशुतोष कुमार और उनकी टीम ने ओ-आर्म तकनीक की सहायता से जटिल ऑपरेशन किया।


ऑपरेशन करने वाली टीम में शामिल डॉक्टर।

- एसजीपीजीआई में अब कम खर्च में मिलेगा अत्याधुनिक इलाज

### क्या है ओ-आर्म तकनीक

- ओ-आर्म एक अत्याधुनिक इमेजिंग मशीन है, जो ऑपरेशन के दौरान शरीर के अंदर की थ्री-डी तस्वीर तुरंत उपलब्ध कराती है। इससे रीढ़ की सर्जरी अधिक सुरक्षित, सटीक और प्रभावी बनती है।

### विशेषज्ञों की टीम ने निभाई अहम भूमिका

- ऑपरेशन टीम में डॉ. पवन वर्मा, डॉ. वेद प्रकाश, डॉ. सौमेन कांजीलाल, डॉ. श्रेयश राय तथा एनेस्थीसिया विभाग से डॉ. वंश और डॉ. प्रतीक बैस सहित अन्य विशेषज्ञ शामिल रहे। एसजीपीजीआई के निदेशक डॉ. आरके धीमान ने इस उपलब्धि को संस्थान के लिए मील का पत्थर बताते हुए पूरी टीम को बधाई दी।

### लोहिया संस्थान में सीपीआर और हैंड हाइजीन प्रशिक्षण

- **अमृत विचार, लखनऊ:** कॉलेज ऑफ नर्सिंग, डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान की ओर से नर्सिंग सप्ताह के अंतर्गत शनिवार को मुख्य चिकित्सालय परिसर में हैंड हाइजीन जागरूकता एवं बेसिक लाइफ सेविंग स्किल्स (सीपीआर) प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रो. डीके श्रीवास्तव, प्रो. निपिन कलाल एवं डॉ. एसएस नाथ के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत वर्ष 2025 बैच के विद्यार्थियों ने हैंड हाइजीन स्किट एवं डेमोंस्ट्रेशन की प्रस्तुति से की। विद्यार्थियों ने हाथों की स्वच्छता और संक्रमण नियंत्रण के महत्व को प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया। इस सत्र की एंकरिंग वर्षा द्विवेदी ने की। हैंड हाइजीन स्किट एवं डेमोंस्ट्रेशन के संचालन में डॉ. नवीना, शालिनी राज कुमावत और पार्वती सी. की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसके बाद आयोजित बेसिक लाइफ सेविंग स्किल्स (सीपीआर) प्रशिक्षण सत्र की एंकरिंग राखी जी. नायर ने की। आगा शाही, शुभम एवं मधुसूदन ने प्रशिक्षण दिया।

# ज्येष्ठ माह के प्रथम शनिवार को भंडारे में लोगों ने लिया झाल मूड़ी का स्वाद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** पश्चिम बंगाल की झाल मूड़ी का स्वाद प्रधानमंत्री ने चुनाव के दौरान क्या चखा कि यह राजधानी में भी यह ट्रेंड करने लगी। दिलचस्प यह रहा कि ज्येष्ठ के प्रथम शनिवार को भंडारे में झाल मूड़ी बांटी गई। लोगों ने कतारों में लगकर इसका स्वाद लिया। शाम तक यह झाल मूड़ी का भंडारा चलता रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर के महामंत्री घनश्याम दास अग्रवाल ने किया।

आयोजक मंडल के मनीष गुप्ता ने बताया कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत एवं सरकार बनने की खुशी में क्षेत्र में उत्साह है। इसे लेकर भंडारा आयोजित किया गया। इसमें झाल मूड़ी और बूंदी बांटी गई। इस दौरान सुदर्शन कटियार, आलोक केशरवानी, गगन श्रीवास्तव, मनीष गुप्ता, योगेंद्र पांडे, संदीप वर्मा, अनिल अग्रवाल, मनोज पुजारी, मोहित रैकवार, मुंशी सहित बड़ी संख्या में व्यापारीगण एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।


व्यापारियों द्वारा आयोजित भंडारे में झाल मूड़ी लेते राहगीर।

### प्रथम शनिवार को किया मानस पाठ

- **अमृत विचार, लखनऊ:** राजाजीपुरम ई ब्लॉक सेक्टर-5 स्थित पार्क में ज्येष्ठ माह के प्रथम शनिवार को स्थानीय लोगों की ओर से श्रीरामचरितमानस पाठ एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अरूर कुमार श्रीवास्तव, कमलेश तिवारी, अजय शर्मा, आर.के. मिश्रा, राजेंद्र मोहन, सुरेश कुमार साहू, आई.डी. शर्मा, अनिल तिवारी सहित क्षेत्र के अनेक श्रद्धालुओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। श्रीरामचरितमानस पाठ के दौरान पूरे वातावरण में भक्तिमय रस की धारा बहती रही। श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक पाठ सुनकर धर्मलाभ अर्जित किया। इसके उपरांत आयोजित भंडारे का आयोजन किया गया भंडारे में पूड़ी सब्जी, छोला चावल, बूंदी व हलवा प्रसाद को बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों एवं श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया।


श्रीरामचरितमानस का पाठ करते लोग।


रायउमानाथ बली प्रेक्षागृह में कलायात्रा के तहत नृत्य की प्रस्तुति देते प्रतिभागी। अमृत विचार

# कला यात्रा में दिखीं नृत्य की अद्भुत प्रस्तुतियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कथक गुरु पल्लवी प्रजापति के निर्देशन में हुआ वार्षिक सांस्कृतिक आयोजन
- कृष्ण वंदना से ग्रैंड फिनाले तक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

**अमृत विचारः** फ्रोलिक डांस एकेडमी की ओर से आयोजित वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम 'कलायात्रा-3' का आयोजन शनिवार को कैसरबाग स्थित राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में किया गया। संस्था की संस्थापक एवं कथक गुरु पल्लवी प्रजापति के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय शास्त्रीय, लोक और फ्यूजन नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं।

मुख्य अतिथि कथक नृत्यांगना डॉ. आकांक्षा श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि डॉ. एसपी मिश्रा, भरत सिंह बिष्ट, आकांक्षा आनंद, लवीना जैन और लवली घिल्डियाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर डॉ. आकांक्षा श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसे आयोजन भारतीय कला और संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए संस्था की निदेशक पल्लवी प्रजापति के प्रयासों की प्रशंसा की।

कार्यक्रम की शुरुआत कृष्ण वंदना से हुई, जिसमें प्रिशा गुप्ता, कृषा, समीशा, साक्षी भट्ट, पार्थवी गुप्ता और अरिन्या ने भावपूर्ण प्रस्तुति दी। इसके बाद माखन चोरी, नवदुर्गा और शिव वंदना जैसी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। तराना में आहाना और ईशानवी की लयबद्ध प्रस्तुति को खूब सराहा गया, जबकि अनंता सिंह के एकल नृत्य कान्हा रे... ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

दामिनी एवं श्री की जोड़ी ने इठलाती... में शानदार तालमेल दिखाया। वहीं यूंगा यूंगा, गरज गरज..., निर्मोहिया... और पायलिया... जैसी प्रस्तुतियों में कलाकारों ने भावपूर्ण अभिनय और आकर्षक नृत्य संयोजन से खूब वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम का सबसे आकर्षक क्षण ग्रैंड फिनाले रहा, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने सामूहिक प्रस्तुति देकर पूरे सभागार को उत्साह और उल्लास से भर दिया।

# कैंसर संस्थान में भर्ती प्रक्रिया पर फिर उठे सवाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सीएमओ भर्ती परीक्षा निरस्त आरक्षण नियमों की अनदेखी की पुष्टि के बाद दोबारा होगी प्रक्रिया

**अमृत विचार :** चक गंजरिया स्थित कल्याण सिंह कैंसर संस्थान में भर्ती प्रक्रिया एक बार फिर विवादों में आ गई है। कैजुअल्टी मेडिकल ऑफिसर (सीएमओ) भर्ती में आरक्षण नियमों की अनदेखी सामने आने के बाद संस्थान प्रशासन ने पूरी चयन प्रक्रिया निरस्त कर दी है। अब नए सिरे से विज्ञापन जारी कर भर्ती प्रक्रिया दोबारा शुरू की जाएगी।

संस्थान में प्रतिदिन 400 से अधिक मरीज ओपीडी में इलाज के लिए पहुंच रहे हैं, जबकि करीब 300 बेड पर मरीज भर्ती हैं। इसके बावजूद डॉक्टरों और सुविधाओं की कमी बनी हुई है। कई विभाग पर्याप्त विशेषज्ञ न होने से प्रभावित हैं। हाल ही में न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग की एकमात्र डॉक्टर के इस्तीफा देने से विभागीय सेवाओं पर असर पड़ा है।

संस्थान में सीएमओ के चार नियमित पद स्वीकृत हैं। इनमें से एक पद रिक्त होने के बाद 26 फरवरी को भर्ती विज्ञापन जारी किया गया था। इस पद के लिए 20 एमबीबीएस डॉक्टरों ने आवेदन किया, जबकि दो मई को हुई परीक्षा में 12 अभ्यर्थी शामिल हुए।

भर्ती प्रक्रिया के दौरान आरक्षण नियमों के उल्लंघन की शिकायत शासन स्तर तक पहुंची। जांच में पता चला कि रिक्त पद को अनुसूचित जाति वर्ग में विज्ञापित किया गया, जबकि रोस्टर के अनुसार यह पद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित था।

मामले को गंभीर मानते हुए संस्थान प्रशासन ने सात मई को भर्ती परीक्षा निरस्त कर दी। साथ ही चिकित्सा शिक्षा विभाग को पूरी कार्रवाई की जानकारी भेज दी गई है। अब परीक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं कि विज्ञापन जारी करने से पहले आरक्षण रोस्टर की सही जांच क्यों नहीं की गई। संस्थान प्रशासन का कहना है कि त्रुटि सुधारकर जल्द नई भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## सिटी डायरी


मनोज सिन्हा का स्वागत करते हुए भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी।

### जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल मनोज सिन्हा का किया स्वागत

**अमृत विचार, लखनऊ:** राज्यसभा सांसद संजय सेठ के 215 एम.जी. रोड स्थित आवास पर शनिवार को जम्मू एवं कश्मीर के राज्यपाल मनोज सिन्हा के लखनऊ आगमन पर भाजपा नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर पूरा परिसर राजनीतिक और सामाजिक हस्तियों की उपस्थिति से गरिमामय रहा। नेताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर राज्यपाल मनोज सिन्हा का आत्मीय स्वागत किया और उनसे शिष्टाचार भेंट की। स्वागत कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, राज्यसभा सांसद बाबू राम निषाद, पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, पूर्व मंत्री एवं कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह, डॉ. नीरज सिंह सहित कई प्रमुख नेता उपस्थित रहे।


कार्यक्रम में अग्नि सुरक्षा से जागरूक करते अधिकारी।

### अग्नि सुरक्षा जागरूकता आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ:** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन में ऐशबाग स्थित रेलवे पॉलीक्लिनिक परिसर में अग्नि सुरक्षा जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य रेलवे कर्मचारियों और उनके परिवारीजनों को आग लगने की स्थिति में सतर्कता, बचाव और त्वरित कार्रवाई के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों को अग्निशामक यंत्रों के सुरक्षित और प्रभावी संचालन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर अपर मंडल चिकित्सा अधीक्षक संजय तिवारी ने आग लगने के संभावित कारणों, उससे बचाव के उपायों तथा आपातकालीन परिस्थितियों में अपनाई जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी।


कार्यक्रम में मौजूद भाजपा नेता नीरज सिंह व अन्य।

### महाराणा प्रताप का जीवन अदम्य साहस व राष्ट्रभक्ति की अमर प्रेरणा

**अमृत विचार, लखनऊ:** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती के अवसर पर महाराणा प्रताप चौक पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता डॉ. नीरज सिंह ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश क्षत्रिय समन्वय समिति के प्रदेश एवं कार्यक्रम संयोजक प्रदीप सिंह बब्बू, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, भारतीय क्षत्रिय समाज, राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा सहित विभिन्न क्षत्रिय संगठनों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे।


कर्मचारियों को शपथ दिलातीं निदेशक डॉ. कविता आर्या।

### मॉकड्रिल से परखे इंतजाम

**अमृत विचार, लखनऊ:** बलरामपुर अस्पताल में अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत शनिवार को फायर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें आग लगने की काल्पनिक स्थिति बनाकर चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं कर्मचारियों को आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षित एवं समन्वित कार्यवाही का अभ्यास कराया गया। ड्रिल के दौरान फायर सेफ्टी उपकरणों के प्रयोग, आपातकालीन अलार्म सिस्टम, इवैक्यूएशन प्रक्रिया एवं रिस्पॉन्स मैकेनिज्म का प्रदर्शन किया गया।

## चिकित्सा

केजीएमयू में आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने साझा की जानकारी

# ऑनकोप्लास्टिक सर्जरी से बदल रही स्तन कैंसर उपचार की तस्वीर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कैंसर हटाने के साथ सुरक्षित है स्तन की प्राकृतिक बनावट और महिलाओं का आत्मविश्वास

**अमृत विचार :** स्तन कैंसर के इलाज में ऑनकोप्लास्टिक सर्जरी नई उम्मीद बनकर सामने आ रही है। यह तकनीक कैंसरग्रस्त हिस्से को हटाने के साथ स्तन की प्राकृतिक बनावट और महिलाओं के आत्मविश्वास को सुरक्षित रखने में मदद कर रही है।

शनिवार को केजीएमयू के शताब्दी भवन स्थित सर्जिकल आंकोलॉजी विभाग में आयोजित सेमिनार 'ब्रेस्ट कैंसर : सेविंग ब्रेस्ट एंड सेविंग लाइव, द आर्ट ऑफ ऑनकोप्लास्टिक सर्जरी' में विशेषज्ञों ने इस तकनीक की उपयोगिता पर चर्चा की। विभाग के डॉ. नसीम अख्तर ने कहा कि अब स्तन कैंसर का इलाज केवल ऑपरेशन तक सीमित नहीं है, बल्कि मरीज की मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक स्थिति को भी उपचार का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऑनकोप्लास्टिक तकनीक ने लाखों महिलाओं को इलाज के बाद नया आत्मविश्वास दिया है। नई दिल्ली के कैंसर सर्जन डॉ. हरित चतुर्वेदी ने बताया कि पहले कैंसर सर्जरी का उद्देश्य केवल प्रभावित हिस्से को हटाना होता था, लेकिन अब शरीर की सामान्य बनावट बनाए रखने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस तकनीक में ट्यूमर की वाइड लोकल एक्सीजन के बाद प्लास्टिक सर्जरी के सिद्धांतों से स्तन की संरचना को संतुलित किया जाता है।


'ब्रेस्ट कैंसर : सेविंग ब्रेस्ट एंड सेविंग लाइव, द आर्ट ऑफ ऑनकोप्लास्टिक सर्जरी' विषयक सेमिनार में मौजूद विशेषज्ञ।

डॉ. हर्षवर्धन आत्रेय ने बताया कि ऑपरेशन से पहले टारगेटेड थेरेपी से ट्यूमर छोटा किया जाता है, जिससे स्तन को सुरक्षित रखने की संभावना बढ़ जाती है। विभागाध्यक्ष डॉ. विजय कुमार ने कहा कि ऑनकोप्लास्टिक सर्जरी मरीजों की गरिमा और जीवन गुणवत्ता को सुरक्षित रखने का माध्यम भी है। वहीं, डॉ. समीर गुप्ता और डॉ. पुनीत प्रकाश ने आधुनिक स्तन संरक्षण सर्जरी और कैंसर की प्रकृति को समझने की आवश्यकता पर जोर दिया।

## सिटी ब्रीफ

### के विक्रम राव की पुण्य तिथि पर संगोष्ठी 12 को

अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय पत्रकारिता और ट्रेड यूनियन आंदोलन के प्रखर स्वर और इंडियन फेडरेशन ऑफ़ वर्किंग जर्नलिस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे डॉ. के विक्रम राव की प्रथम पुण्यतिथि पर आगामी 12 मई को उत्तर प्रदेश प्रेस क्लब में एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। के विक्रम राव के पुत्र के विश्वदेव राव ने बताया कि पत्रकारिता जगत में उनके अप्रतिम योगदान और भाषाई शुद्धता के प्रति उनके आग्रह को केंद्र में रखते हुए चर्चा का विषय निर्धारित किया गया है। इस मौके पर पत्रकारिता के 200 वर्ष : शीर्षक, वर्तनी और भाषा विषय पर विस्तार से चर्चा की जायेगी। यह संगोष्ठी पूर्वाहन 11 बजे से दोपहर 3 :00 बजे तक चलेगी।

### समर कैंप में बच्चे सीखेंगे गीत, संगीत

अमृत विचार, लखनऊ : मदर्स डे की पूर्व संध्या पर शनिवार को जेपीएस स्टार 11 की ओर से तिलक शिशु निकेतन स्कूल में नवरंग समर कैंप 2026 के कर्टेन रेजर का आयोजन किया गया। संयोजक अरविंद सक्सेना ने बताया कि इस 11 दिवसीय नवरंग समर कैंप में बच्चों को भारतीय शास्त्रीय नृत्य, लोक नृत्य, गीत और संगीत के साथ अभिनय एवं नाटक का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस कैंप में बच्चों को सिखाने के लिए कई प्रशिक्षक आमंत्रित किये गए हैं। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य संजोती मिश्रा ने कहा यह समर कैंप बच्चों के लिए बहुत ही खास होगा और इस कैंप में बच्चों के साथ इच्छुक माताएं भी इसमें अपनी भागीदारी निभाएंगी। इस मौके पर रिचा मिश्रा, रितु तिवारी, प्रीति यादव, तृप्ति मिश्रा, डॉ. एमपी यादव, डॉ. राकेश तिवारी, अनीता, श्रुति, अनुष्का, मुस्कान सहित तमाम छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

### राजधानी के पांच खिलाड़ी यूपी टीम में

अमृत विचार, लखनऊ : यूपी की पावरलिफ्टिंग टीम में राजधानी के पांच खिलाड़ियों को जगह मिली है। ये खिलाड़ी 23 से 28 जून तक हैदराबाद में होने वाली राष्ट्रीय सब जूनियर और जूनियर चैंपियनशिप में जीत के लिए पूरा दमखम लगायेंगे। पावरलिफ्टिंग लखनऊ एसोसिएशन के सचिव शत्रुघन लाल के अनुसार चयनित टीम के तहत सब जूनियर वर्ग के 52 किग्रा में वर्षा रावत का चयन हुआ है, वहीं जूनियर वर्ग के तहत 63 किग्रा में यशी श्रीवास्तव, 84 किग्रा में प्रज्ञा उपाध्याय, 105 किग्रा में चंद्रभान सिंह राणा और 105 किग्रा से अधिक भारवर्ग में पार्थो गांगुली को शामिल किया गया है।

### जीपी शर्मा बने टेक्निकल ऑफिशियल

अमृत विचार, लखनऊ : अंतरराष्ट्रीय वेटलिफ्टिंग कोच जीपी शर्मा ने एक और बड़ी कामयाबी अपने नाम कर ली है। इंडियन वेटलिफ्टिंग फेडरेशन ने उन्हें आगामी एशियन सीनियर वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप-26 के लिए टेक्निकल ऑफिशियल नियुक्त किया है। यह प्रतियोगिता पहले चार से 10 अप्रैल तक गांधीनगर में आयोजित होनी थी, लेकिन अपरिहार्य कारणों से इसे स्थगित कर दिया गया था। अब यह चैंपियनशिप 10 से 17 मई तक पुनः गांधीनगर में आयोजित की जाएगी। जीपी शर्मा की इस नियुक्ति पर खेल जगत और वेटलिफ्टिंग से जुड़े लोगों में खुशी का माहौल है। उत्तर प्रदेश वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष और जिला वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के सचिव रंजीत सिंह, जिला अध्यक्ष संजीव गोसाई, अरुण सिंह, संजय त्रिपाठी, नागेन्द्र सिंह, जितेन्द्र सिंह, अभिषेक मिश्रा और अभिजात मिश्रा ने उन्हें बधाई देते हुए इसे प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है।

### लोक अदालत में तीन लाख मामले निस्तारित

अमृत विचार, लखनऊ : शनिवार को राजधानी में राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक आयोजन किया गया। इस दौरान जनपद न्यायालय, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, पारिवारिक न्यायालय, वाणिज्यिक न्यायालय, उपभोक्ता फोरम, स्थायी लोक अदालत, कलेक्ट्रेट तथा जनपद की समस्त तहसीलों सहित विभिन्न न्यायिक एवं प्रशासनिक संस्थानों में मामलों का निस्तारण किया गया। लोक अदालत में लगभग 2 लाख 95 हजार 708 मामलों का सफलतापूर्वक निस्तारण करते हुए कुल 29 करोड़ 6 लाख 26 हजार 599 रुपये की धनराशि वसूल की गई। कार्यक्रम में एडीजे हुसैन अहमद अंसारी, राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी एवं एडीजे प्रकाश तिवारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कुँवर निवेश सिंह कुशवाहा, एडीएम राज बहादुर, बैंक अधिकारियों, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ताओं, पराविधिक स्वयंसेवकों, नामिका अधिवक्ताओं एवं न्यायालय कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# मां के पांव तले है जन्नत, है धरती की ईश्वर ... हैप्पी मदर्स डे

शबाहत हुसैन विजेता, लखनऊ

- मदर्स डे के लिए कोई एक दिन निश्चित करना ही सबसे बड़ी गलती है
- मां क्या होती है उनसे पूछिये जिनके पास मां नहीं है

अमृत विचार : मां जो जन्म देती है, मां जो पालन-पोषण करती है, जो खुद गीले में सोती है लेकिन बच्चे को सूखे में सुलाती है, वो पढ़ी-लिखी न भी हो तो भी यह जान जाती है कि बच्चे के पेट में दर्द है यह उसे भूख लगी है, मां जो रात-दिन इस मेहनत में गुजार देती है कि उसका बच्चा जिन्दगी के सफर में किसी खूबसूरत अंजाम तक पहुंच जाए, उसे भी कैलेंडर ने साल में सिर्फ एक दिन दिया है मदर्स डे के नाम पर।

मां खुद भूखी रहकर भी अपने बच्चे का पेट भरती है, खुद पुराने कपड़े पहनकर अपने बच्चों को नये कपड़े पहनाती है, अपने बच्चे को मुकाम दिलाने के लिए वो खुद जीना भी भूल जाती है लेकिन बेटा जब कुछ बन जाता है तो अपना परिवार पालने में लग जाता है। उसे नहीं याद रहता कि मां भूखी हो सकती है। उसे नहीं याद रहता कि मां की भी कुछ जरूरतें हो सकती हैं। उसे नहीं याद रहता कि मां के पास भी इमरजेंसी के लिए कुछ पैसे होने चाहिए। कई बार बेटा भूल जाता है कि मां को दवाइयों की जरूरत होती है। दवाइयों के साथ उसे फल भी मिलने चाहिए। वह यह नहीं जान पाता कि बुढ़ापा खुद एक बीमारी है और इस बीमारी से निबटने के लिए उसे पौष्टिक आहार की जरूरत होती है। शायर परवीन बारसी ने लिखा था :- उसकी फरमाइशें, बच्चों की जिदें, अपनी शराब, ये तो सब लाया मगर मां की दवा भूल गया।

मां दुनिया की अकेली ऐसी सौगात है जो पागल भी हो जाए तो भी अपनी औलाद को नहीं भूलती है। ऐसे बहुत से उदाहरण हैं जिनमें गरीब मां ने अपना सब-कुछ लुटाकर अपने बच्चों को एक मुकाम तक पहुंचाया लेकिन बच्चा मुकाम पाकर मां को भूल गया। वो देश में कहीं दूर या विदेश में सेट हो गया, यहां मां अभावों में जीते हुए दम तोड़ गई।

औलादों की संवेदनहीनता ने समाज में वृद्धाश्रम की नींव डाली है। जिस मां ने अपनी औलाद पर अपनी जवानी न्योछावर कर दी उसका बुढ़ापा आया तो बेटा अपनी जवानी को संवारने में लग गया।

मदर्स डे के लिए कोई एक दिन निश्चित करना ही सबसे बड़ी गलती है। हर दिन जिसमें सूरज निकलता और डूबता है वो मदर्स डे है। जिस दिन भी जिन्दगी में कोई खुशी आती है वो मदर्स डे है, जिस दिन भी कोई तकलीफ आंखों में आंसू लाती है वो मदर्स डे है। जब नौकरी मिलती है, जब प्रमोशन होता है, जब रिटायरमेंट होता है या फिर जिस दिन बेरोजगारी होती है वो सभी दिन मदर्स डे होते हैं। बच्चों की खुशियों में बेपनाह खुश होती है मां और बच्चों की तकलीफ में छुप-छुपकर रोती है मां। मां को न कभी भूलना है और न मां को कभी याद करना है। मां हमेशा दिल की धड़कनों के साथ धड़कनी चाहिए। मां को भूल नहीं सकते क्योंकि वो पैदा करती है और मां को कभी याद नहीं कर सकते क्योंकि वो हमेशा सांसों की तरह से साथ है।

मां क्या होती है उनसे पूछिये जिनके पास मां नहीं है। मां जब तक है उसका दिल नहीं दुखाइये, जैसे उसने बचपन में दुलराया था वैसे ही बुढ़ापे में उसे भी दुलार की जरूरत होती है क्योंकि मां के पांव के नीचे ही जन्नत होती है और मां ही धरती का ईश्वर होती है। हैपी मदर्स डे मां।


लखनऊ प्राणि उद्यान में बच्चे के साथ मस्ती करती मां। • अमृत विचार

# कार्तिका और ऋभव बने चैंपियन

## ऋभव ने युगल के बाद एकल खिताब भी जीता, फाइनल में पार्थिव को 6-0, 6-0 से हराया

आईटीएफ चैंपियन

- कार्तिका ने बालिका वर्ग के फाइनल में हर्षा कार्तिका ओरुगांती को हराकर जीता खिताब
- विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: गोमतीनगर स्थित विजयंत खंड मिनी स्टेडियम में आयोजित आईटीएफ जूनियर जे30 लखनऊ टेनिस टूर्नामेंट में भारत की उभरती खिलाड़ी कार्तिका पद्मकुमार और ऋभव सरोहा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एकल खिताब अपने नाम किए। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि आईजी सशस्त्र सीमा बल रत्न संजय ने विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस दौरान यूपी हॉकी के उपाध्यक्ष एके त्रिपाठी, आयोजन सचिव समित केसरी और आयोजन समिति के चेयरमैन कर्नल नरेश रजोरा मौजूद रहे।


गोमतीनगर विजयंतखंड के मिनी स्टेडियम टेनिस कोर्ट पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मौजूद खिलाड़ी।

बालिका एकल फाइनल में तीसरी वरीय कार्तिका पद्मकुमार ने चौथी वरीय हर्षा कार्तिका ओरुगांती को 6-4, 7-5 से हराकर खिताब जीता। करीब दो घंटे 38 मिनट तक चले मुकाबले में दोनों खिलाड़ियों के बीच लंबी रैलियां और दमदार बेसलाइन खेल देखने को मिला। निर्णायक मौकों पर कार्तिका ने संयम और आक्रामक खेल का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

बालक एकल फाइनल में ऋभव सरोहा ने क्वालीफायर पार्थिव नल्लागुंडला को एकतरफा मुकाबले में 6-0, 6-0 से शिकस्त दी। ऋभव ने शुरू से ही तेज और आक्रामक खेल दिखाते हुए प्रतिद्वंद्वी को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। एक दिन पहले युगल खिताब जीत चुके ऋभव ने इस जीत के साथ लगातार दूसरा आईटीएफ एकल खिताब भी अपने नाम किया। इससे पहले वह पिछले सप्ताह भुवनेश्वर में आयोजित आईटीएफ जे30 टेनिस टूर्नामेंट के बालक एकल वर्ग के विजेता बने थे।

# प्रदेश में अब बेटियों की सुरक्षा को लेकर निश्चिंत हैं माताएं

मातृ दिवस विशेष

- महिला सुरक्षा के बेहतर माहौल से बढ़ा भरोसा, देर रात घर लौटने पर भी नहीं सताती चिंता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में महिला सुरक्षा के लिए किए गए प्रयासों के बाद माताओं का अपनी बेटियों की सुरक्षा को लेकर भरोसा बढ़ा है। राजधानी लखनऊ सहित विभिन्न जिलों की महिलाओं का कहना है कि अब वे अपनी बेटियों को स्कूल, कॉलेज, कोचिंग या अन्य काम से देर तक बाहर रहने पर पहले की तरह चिंतित नहीं होतीं।

महिला सुरक्षा को लेकर चलाए गए अभियानों, सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस की बढ़ी मौजूदगी और त्वरित कार्रवाई से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है। इसका असर यह है कि बेटियां अब शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं और करियर के लिए अधिक स्वतंत्रता के साथ आगे बढ़ रही हैं।

मातृ दिवस के अवसर पर कई महिलाओं ने कहा कि किसी भी मां के लिए सबसे बड़ी चिंता अपनी बेटी की सुरक्षा होती है। उनका मानना है कि सुरक्षित माहौल ने इस चिंता को काफी हद तक कम किया है और बेटियों को अपने सपनों की ओर बेखौफ आगे बढ़ने का अवसर मिला है।

- लखनऊ की रजनी त्रिपाठी बताती हैं कि उनकी 15 वर्षीय बेटी स्कूल के कार्यक्रमों के कारण कई बार देर से घर लौटती है, लेकिन अब उन्हें पहले जैसी चिंता नहीं होती। उनके अनुसार सड़कों पर पुलिस की सक्रियता और सुरक्षा व्यवस्था के कारण माहौल में बदलाव महसूस होता है।



- त्रिवेणी नगर निवासी कंचन दीक्षित का कहना है कि महिलाओं से जुड़े अपराधों पर कार्रवाई के कारण परिवारों का विश्वास बढ़ा है। ममता निगम बताती हैं कि उनकी बेटी शाम को कोचिंग जाती है और अब पुलिस की नियमित गश्त के कारण उन्हें सुरक्षा का भरोसा रहता है।



- अयोध्या की ज्योतिमा सिंह के अनुसार पहले बेटियों के देर से घर लौटने पर तनाव बना रहता था, लेकिन अब जरूरत पड़ने पर पुलिस सहायता आसानी से उपलब्ध हो जाती है। वहीं लखनऊ की ललिता प्रदीप का कहना है कि महिलाओं की सुरक्षा केवल कानून व्यवस्था का विषय नहीं है, बल्कि सामाजिक सोच और सम्मान से भी जुड़ी है।



### कवि सम्मेलन और मालती देवी सम्मान समारोह आयोजित

अमृत विचार , लखनऊ : पीपल छांव फाउंडेशन की ओर से मदर्स डे पर शनिवार को कैसरबाग स्थित स्टार पैलेस बैंक्वेट हाल में मालती देवी सम्मान समारोह और कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मातृत्व, नारी सम्मान और संघर्षशील महिलाओं के योगदान पर आधारित कविताएं व शायरी प्रस्तुत की गईं। जूही सिंह ने कहा कि महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के लिए संघर्ष जरूरी है। विधायक रविदास मेहरोत्रा ने आयोजन को सराहनीय पहल बताया। कार्यक्रम में बिलाल सहारनपुरी, रुख़सार बलरामपुरी, प्रतिभा यादव और फ़राह नाज़ समेत कई कवियों ने रचनाएं प्रस्तुत कीं। इस दौरान कुलसुम तलहा, साहिबा सिद्दीकी, शांति देवी, सबा और रेशमा सहित कई महिलाओं व कवियों को सम्मानित किया गया।


कार्यक्रम के दौरान सम्मानित की गईं महिलाएं। अमृत विचार

## मातृका महोत्सव-2026 में हुआ महिलाओं का सम्मान

अमृत विचार, लखनऊ: मदर्स डे के उपलक्ष्य में शनिवार को गोमतीनगर स्थित दयाल गेटवे में आयोजित मातृका महोत्सव-2026 में महिलाओं और माताओं का सम्मान किया गया। अदीरा पिंक इज पावरफुल, इशाया एवं आयरस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में प्रेरणादायी कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई।

मुख्य अतिथि पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया ने कहा कि मां परिवार और समाज की सबसे बड़ी शक्ति होती है। ऐसी माताओं का सम्मान भारतीय संस्कृति और मूल्यों का सम्मान है।

इस अवसर पर स्प्रिचुअल गुरु सोहानी पांडेय को डिवाइन मदर अवॉर्ड, वर्षा वर्मा को टाइमलेस मदर अवॉर्ड, रेनिता एस कपूर को ग्लैमरस मदर अवॉर्ड और आद्या श्रीवास्तव को करिश्मैटिक मदर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

## परवीन तल्हा की पुस्तक लखनऊ आफ्टर द लैम्प्स गो आउट पर चर्चा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ बायोस्कोप की ओर से शनिवार को निशातगंज स्थित सैफायर सूट्स, मेट्रो सिटी में प्रसिद्ध लेखिका परवीन तल्हा की पुस्तक लखनऊ आफ्टर द लैम्प्स गो आउट पर परिचर्चा आयोजित की गई। कार्यक्रम में पाठकों, लेखकों और लखनऊ की संस्कृति व इतिहास से जुड़े लोगों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत नूर खान ने परवीन तल्हा और उनकी पुस्तक के परिचय से की। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक पुराने लखनऊ की स्मृतियों और भूली-बिसरी कहानियों को फिर से जीवंत करती है। इसके बाद वेलेंटीना त्रिवेदी ने पुस्तक की कहानी गेंदा कम्स बैक का पाठ किया। उन्होंने कहा कि पुस्तक में कहानियों का अद्भुत खजाना छिपा है।



कार्यक्रम में परवीन तल्हा और समन हबीब के बीच संवाद भी हुआ, जिसमें भूत, जिन्न और अवध की लोक परंपराओं पर चर्चा की गई। परवीन तल्हा ने कहा कि भूतों की कहानियों का कोई स्पष्ट स्पष्टीकरण नहीं होता और दुनिया के हर हिस्से में ऐसी कहानियां लोकप्रिय रही हैं।

परवीन तल्हा यूपीएससी पास करने वाली भारत की पहली मुस्लिम महिला मानी जाती हैं। वह संघ लोक सेवा आयोग की सदस्य भी रह चुकी हैं और अपने लेखन में लखनऊ की गंगा-जमुनी तहजीब को जीवंत रूप से प्रस्तुत करती हैं।

कार्यक्रम | दादी-नानी की कहानी श्रृंखला के 81वें संस्करण में बच्चों ने लिया हिस्सा

# कहानी के जरिये बच्चों को दिया मेहनत करने का संदेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लोक संस्कृति शोध संस्थान की मासिक श्रृंखला 'दादी-नानी की कहानी' के 81वें संस्करण में स्टोरीमैन जीतेश श्रीवास्तव ने भारतेंदु हरिश्चंद्र वार्ड स्थित एमएलएम इंटर कॉलेज के बच्चों को अपने अनोखे अंदाज में कहानी सुनाई। कहानी के जरिए बच्चों को मेहनत, ईमानदारी और अच्छे संस्कारों का संदेश दिया गया।

शनिवार को आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षाप्रद और मनोरंजक खेलों से हुई, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके बाद जीतेश श्रीवास्तव ने रवि नामक युवक की प्रेरक कहानी सुनाई। कहानी में रवि अपने पिता की कमाई से असंतुष्ट रहता है, जबकि उसके पिता अय्यर एक अध्यापक होते हैं। समय बीतने पर रवि एक बड़ी कंपनी में महत्वपूर्ण पद पर पहुंचता है। एक दिन उसे पता चलता है कि कंपनी के मालिक उसके पिता के ही शिष्य हैं। यह जानकर उसे एहसास होता है कि उसके पिता की असली कमाई धन नहीं, बल्कि उनके सफल और संस्कारित शिष्य हैं।



कहानी के माध्यम से अच्छे कर्म और संस्कारों का महत्व बताते स्टोरीमैन जीतेश श्रीवास्तव। अमृत विचार

कार्यक्रम के दौरान लोक चौपाल प्रभारी अर्चना गुप्ता ने बच्चों को वीर रस प्रधान गीत का सस्वर अभ्यास कराया। एसपी श्रीवास्तव ने भी अपनी रचना प्रस्तुत की। इस अवसर पर एमएलएम इंटर कॉलेज के संस्थापक जवाहर लाल गुप्ता, प्रधानाचार्य जया पुरवार और उपप्रधानाचार्य संगीता गुप्ता ने कथा प्रस्तोता समूह का स्वागत किया।

कार्यक्रम में लोक संस्कृति शोध संस्थान की सचिव डॉ. सुधा द्विवेदी, लोक कथा प्रभारी शंभूशरण वर्मा, संरक्षक राज वर्मा, चित्रकार भूपेंद्र अस्थाना, विनय गुप्ता, डॉ. एसके गोपाल, मदन लाल समेत विद्यालय की कई अध्यापिकाएं मौजूद रहीं।

## सिटी डायरी


कार्यक्रम में मौजूद पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया व अन्य।

### नृत्य के बाद सजी शायरी की महफ़िल

अमृत विचार, लखनऊ : मई मास की शुरुआत मजदूर दिवस से होती है। मई मास में शनिवार को मीडिया फोटोग्राफर्स क्लब ने संस्थापक अध्यक्ष एसएम पारी द्वारा शुरू किये गये मजदूर दिवस का आयोजन किया। विकास दीप परिसर में मंजू श्रीवास्तव द्वारा आयोजित इस आयोजन में मुख्य अतिथि पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, विशिष्ट अतिथि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गोविन्द नरायण शुक्ला की मौजूदगी रही। एसएम पारी को पुष्पांजलि के बाद रिद्धिमा श्रीवास्तव ने गणेश वंदना से कार्यक्रम शुरू किया। मुरलीधर आहूजा, रिजवान खान, रंगनाथ तिवारी, अभिषेक मिश्रा, आदिल पारी, खुर्शीद खान, दिव्यांश श्रीवास्तव के संयोजन में कविताओं और शायरी की गूंज शामे अवध मे गूंजी। वासिफ फारूकी की अध्यक्षता और मुकुल महान के संचालन में राम प्रकाश बेखुद, संजय मिश्रा शौक़, नदीम फरुख, मोहम्मद अली साहिल, शकील गयावी, मोईन अल्वी, डॉ. प्रवीण राही, अभिश्रेष्ठ तिवारी, डॉ. सुधा मिश्रा, डॉ. सरला शर्मा मौजूद रहे।


प्रेसवार्ता को संबोधित करते एआईआईबीपीआरए के सदस्य।

### चपरासी की पेंशन पुराने जीएम से ज्यादा

अमृत विचार, लखनऊ : ऑल इंडिया इंडियन बैंक पेंशनर्स एंड रिटायरीज एसोसिएशन (एआईआईबीपीआरए) की उत्तर प्रदेश मध्य इकाई ने बैंक पेंशनरों की लंबित समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। अध्यक्ष एनएन दुबे, प्रांतीय सचिव हरिहर प्रसाद सिंह और संयोजक आलोक कुमार पाण्डेय ने कहा कि 1995 की पेंशन योजना में अब तक अपडेशन लागू नहीं किया गया, जिससे हालिया रिटायर्ड चपरासी की पेंशन 15 वर्ष पहले रिटायर्ड जनरल मैनेजर से अधिक हो गई है। उन्होंने पेंशन पुनर्निर्धारण, विशेष भत्ता जोड़ने, निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा, महंगाई भत्ता विसंगति दूर करने और शिकायत निवारण प्रकोष्ठ गठन की मांग की। 10 मई को चारबाग में संगठन का त्रिवार्षिक अधिवेशन होगा।


कार्यक्रम में मौजूद प्रो. आर. हर्षवर्धन, प्रो. देवेंद्र गुप्ता।

### आयुष्मान लाभार्थियों को हेल्प डेस्क

अमृत विचार,लखनऊ : संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए नए हेल्प डेस्क की शुरुआत शनिवार को की गई। हेल्प डेस्क का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रो. देवेंद्र गुप्ता, नोडल अधिकारी एवं चिकित्सा अधीक्षक प्रो .आर. हर्षवर्धन और अस्पताल प्रशासन विभाग की संपूर्ण टीम की उपस्थिति में किया गया। संस्थान प्रशासन के अनुसार यह नई सुविधा समयबद्ध प्रक्रियाओं को सुनिश्चित करने के साथ ही त्वरित क्लेम निस्तारण और सरल डिस्चार्ज प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे न केवल कार्यकुशलता में वृद्धि होगी।


पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र देते राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी पांडेय।

### मरीमाता संयुक्त व्यापार मंडल इकाई का गठन

अमृत विचार, लखनऊ : संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की सरफराजगंज मरीमाता इकाई का गठन किया गया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी पांडेय ने मोबिन को अध्यक्ष, समसुल को उपाध्यक्ष और अनिल कश्यप को सचिव मनोनीत किया। इस दौरान व्यापारियों ने सदस्यता ग्रहण की। अध्यक्ष ने पदाधिकारियों और व्यापारियों को प्रमाणपत्र वितरित किए। बैठक में प्रवीण मणि त्रिपाठी, अमीर रजा, अनुपम भदौरिया समेत अन्य लोग मौजूद रहे।